कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.07.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक्वा क्लब के द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एक्वा क्लब प्रभारी डॉ. सुनीता गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य मानव जाति के विकास के लिए प्रकृति का संरक्षण किया जाना आवश्यक है तथा स्वस्थ पर्यावरण स्वस्थ एवं स्थायी समाज की नींव है।

इस वर्ष 2023 की थीम – **''प्रकृति का संरक्षण करें, जीवन का संरक्षण करें''** पर पोस्टर बनाओ, स्लोगन, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता में बी.ए. भाग–1 की कु. तृप्ति साहू प्रथम एवं कु. सुचिता बारसागड़े द्वितीय स्थान पर रहीं।

पोस्टर प्रतियोगिता में कु. सोमी सोनी – प्रथम, कु. आकांक्षा चन्द्राकर द्वितीय एवं कु. नीलम स्वर्णकार तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार- कु. हिमांशी निर्मलकर एवं कु. तृप्ति साहू को प्राप्त हुआ।

स्लोगन प्रतियोगिता में कु. हिमांशी निर्मलकर-प्रथम, सत्यभामा-द्वितीय, नेहा ठाकुर-तृतीय, सांत्वना पुरस्कार- कु. आयुषी सोनी।

निबंध प्रतियोगिता में कु. श्रुति आदित्य-एम.एससी.-तृतीय सेम. (प्राणीशास्त्र), द्वितीय – कु. किरण निर्मलकर- बी.एससी.-द्वितीय (बायो) एवं तृतीय-वर्षा देवांगन, एम.एससी.तृतीय सेम (रसायनशास्त्र), सुचिता बरसागड़े-एम.एसी. तृतीय सेमेस्टर (रसायनशास्त्र) रहीं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को बधाई दी।

कार्यक्रम का संचालन कु. सोमी सोनी एवं आभार प्रदर्शन कु. सुचिता द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. ऊषा चंदेल, डॉ. मीरा गुप्ता, डॉ. लता मेश्राम एवं डॉ. अनुजा चौहान सहित विज्ञान संकाय के अन्य सदस्य तथा छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)